- दिव्यांग श्रेणी में प्रवेश हेतु केवल पैर की शारीरिक विकलांगता (कूल्हे के जोड़ से पैर तक) में 50 से 70 % दिव्यांगता वाले आवेदक ही पात्र होगें।
- 50 से 70 % ( PwD -1) प्रतिशत की विकलांगता के आवेदक उपलब्ध नहीं होने पर 40 से 50 % दिव्यांगता (PwD -2) के आवेदक पात्र होगें।
- आवेदक को अधीक्षक, व्यवसायिक पुनर्वास केन्द्र, नेपियर टाऊन, जबलपुर, श्रम मंत्रालय भारत सरकार या भारत सरकार द्वारा निर्धारित अन्य पुर्नवास केन्द्र के द्वारा जारी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए योग्यता प्रमाण पत्र एवं सी.एम.एच.ओ. द्वारा जारी दिव्यांगता (विकलांगता) प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
- शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति की निम्नलिखित श्रेणियों को पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगीः–
  1. हाथ की विकलांगता
  2. अंधापन
  3. बहरापन
  4. पैरों की 70 % से अधिक विकलांगता

## ⇨ पाठ्यक्रमो का नाम

- BPT- बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी)
- BOT- बैचलर ऑफ आक्यूपेश्नलथेरेपी (बी.ओ.टी.)
- BXRT- बैचलर ऑफ एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियन
- BMLT- बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी
- DDT - डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्निशियन
- DOA - डिप्लोमा इन आप्थेलमिक असिस्टेन्ट
- DRT - डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी टेक्निशियन
- DCLT- डिप्लोमा इन कैथ लेब टेक्निशियन
- DOR- डिप्लोमा इन आप्टोमेट्रींक रिफ्रेक्शन
- COT- सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन

## D. चयन प्रक्रिया

1. पाठ्यक्रमों में चयन हायर सेकेंडरी (उच्चतर माध्यमिक) परीक्षा 10+2 भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान विषयों के फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी में प्राप्तांको के मेरिट के आधार पर होगा।

2. मैरिट सूची में अंको की समानता की दशा में म.प्र. के मूल निवासी एवं क्रमशः स्थानीय जिले के आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। म. प्र. के मूल निवासी से भिन्न आवेदकों को हायर सेकेंडरी 10+2 परीक्षा में अर्जित अंको के आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश दिया जा सकेगा।

3. प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेशित आवेदकों को संस्था में अपने मूल दस्तावेज जमा करने होंगे, जिसे पाठ्यक्रम के सफल समापन और नो ड्यूज (No Dues) सर्टिफिकेट जमा करने के बाद वापस कर दिया जाएगा। यदि आवेदक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के पश्चात, बिना पाठ्यक्रम पूर्ण किये पाठ्यक्रम छोड़ता है तो उसे संस्था को सीट लीविंग बंध (बांड) की राशि का भुगतान करना होगा।

## E. प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया : –

1. निर्धारित तिथि पर पाठ्यक्रम चयन/प्रवेश हेतु सभी आवेदकों को व्यक्तिगत रुप से संस्था में उपस्थित होना होगा। उपलब्ध सीटो के अनुसार वे अपना पाठ्यक्रम चयन कर सकते हैं।
2. प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मलित होने हेतु पृथक से कोई कॉल लेटर जारी नहीं किया जावेगा, आवेदक संस्था के नोटिस बोर्ड/संस्था की वेबसाइट www.mahsimgm.in पर प्रकाशित किये जाने वाले दिशा–निर्देश/ सुचना/ मेरिट लिस्ट/प्रावीण्य सूची आदि का अवलोकन करते रहे एवं प्रवेश हेतु उक्तानुसार पालन करना सुनिश्चित करे ।
3. प्रवेश हेतु जारी प्रावीण्य सूचि के अनुसार निर्धारित तिथियों पर काउन्सलिंग प्रक्रिया में आवेदक को प्रवेश– समिति के समक्ष वरीयता क्रमांक के अनुसार तत्समय उपलब्ध पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीट पर प्रवेश हेतु वांछित मूल–दस्ताबेज एवं निर्धारित शिक्षण व् अन्य शुल्क प्रवेश के दौरान ही जमा करवाने होंगे, अन्यथा आवेदक का प्रवेश सम्वन्धी अधिकार / दावा स्वयमेव समाप्त हो जावेगा ।
4. पाठ्यक्रम चयन हेतु काउंसलिंग के दिन समस्त मूल प्रमाण–पत्रों तथा प्रथम वर्ष हेतु एकमुश्त निर्धारित शुल्क (फीस) के साथ में संस्था में नियत समय पर स्वयं आवेदक को उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।
5. प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मलित होने के लिये पृथक से काउन्सलिंग शुल्क नॉनरिफेण्डबल राशि रु. 600/– काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान जमा करवाना अनिवार्य है। भुगतान की गई फीस वापस नहीं की जाएगी।
6. <u>प्रवेश प्रक्रिया के दौरान निम्नलिखित मूल दस्तावेज जमा करवाने होंगे –</u>

⇒ कक्षा 10 वीं की मूल अंकसूची (यदि 10वीं कक्षा की मार्कशीट में जन्मतिथि अंकित नहीं है तो जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं)
⇒ कक्षा 12 वीं (10+2) की मूल अंकसूची
⇒ स्कूल छोड़ने का प्रमाण–पत्र (टी.सी./एस.एल.सी.)
⇒ माइग्रेशन सर्टिफिकेट (बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी)
⇒ नवीनतम आधार कार्ड की अभिप्रमाणित छायाप्रति
⇒ मूल निवासी प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी/स्व–घोषित)
⇒ मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट
⇒ Hepatitis-B Vaccination सर्टिफिकेट
⇒ समग्र आय.डी. की अभिप्रमाणित छायाप्रति
⇒ जाति प्रमाण–पत्र आरक्षित वर्ग के लिए (जिला अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी)
⇒ आय प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा 1 अप्रैल 2023 कि स्थिति में जारी ( आरक्षित वर्ग के लिए )
⇒ यदि लागू हो तो :– दिव्यांगता प्रमाण पत्र/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण पत्र (जिला कलेक्टर द्वारा जारी)/सैनिक का प्रमाणपत्र/ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
⇒ सेवारत् नियमित शासकीय कर्मचारी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विभागीय अनापत्ति प्रमाण–पत्र।
⇒ गेप सर्टिफिकेट (यदि 12 वीं कक्षा वर्ष 2023 से पहले उत्तीर्ण की है)
⇒ सर्टिफिकेट/मार्कशीट/अन्य दस्तावेजों में नाम भिन्न होने की स्थिति में संबंधित वैध दस्तावेज। समस्त मूल दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी सी.डी. में एवं दो सेट छायाप्रतियों में जमा करवाना अनिवार्य है।

**नोटः– प्रवेश के समय जमा किये गये समस्त मूल दस्तावेज आवेदक द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण होने के उपरान्त लेखा शाखा, पुस्तकालय, खेलकूद, होस्टल, प्रयोगशााला, एवं अन्य संबंधित विभागो आदि से अदेय प्रमाण पत्र (No Dues) प्रस्तुत करने के उपरान्त की लौटाये जावेगे।**

7. प्रवेश हेतु काउंसलिंग निम्न अनुक्रम में श्रेणी के अनुसार मेरिट–कम–ऑप्शन के आधार पर आयोजित की जाएगी–
   I- एसटी श्रेणी II- एससी श्रेणी III- ओबीसी श्रेणी IV- अनारक्षित श्रेणी (EWS) आरक्षण भी सम्मिलित)
8. यदि किसी श्रेणी में आरक्षण की सीमा तक योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं हैं, तो उपलब्ध रिक्त सीटों को अन्य श्रेणी के आवेदकों को निम्नानुसार प्रवेश दिया जाएगा :–

⇨ अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग की रिक्त सीटों को अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के उपलब्ध आवेदकों को प्रवेश हेतु
⇨ अनुसूचित जाति (SC) वर्ग की रिक्त सीटों को अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के उपलब्ध आवदकों को प्रवेश हेतु

⇨ यदि अनुसूचित जनजाति (ST) और अनुसूचित जाति (SC) श्रेणियों में आरक्षण सीमा तक योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं है तो, रिक्त सीटों को अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के उपलब्ध आवेदकों को प्रवेश हेतु

⇨ यदि पात्र अभ्यर्थी उपराक्ते तीनो आरक्षित श्रेणियों उपलब्ध नहीं हैं तो, रिक्त सीट को पात्र अनारक्षित श्रेणी के आवेदकों को प्रवेश हेतु

⇨ यदि PHC (दिव्यागं ), MP (सैन्य कर्मी), FF (स्वतत्रं ता सेनानी), इन–सर्विस, EWS श्रेणियों में योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं हैं तो, रिक्त सीटों को संबंधित मूल श्रेणी के उपलब्ध आवेदकों को प्रवेश हेतु

9. एसटी / एससी / ओ.बी.सी. वर्ग से उम्मीदवार, जिनका नाम उनकी श्रेणी के मेरिट / प्रतीक्षा सूचि के साथ–साथ अनारक्षित सूचि में भी दर्शाया गया है, उनके पास काउंसलिंग के दौरान विकल्प होगा कि वह उनकी अपनी श्रेणी अथवा अनारक्षित श्रेणी में प्रवेश ले सकते हैं ।
10. प्रवेश हेतु काउंसलिंग के प्रथम चरण में किसी पाठ्यक्रम में सीट रिक्त रहने की अवस्था में आवश्यकता अनुसार पृथक से द्वितीय काउंसलिंग आयोजित की जा सकेगी , जिसकी सूचना एवं वरीयता सूची का प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड एवं वेब साइट पर किया जावेगा।
11. आवेदक द्वारा काउंसिलिंग में चयनित पाठ्यक्रम किसी भी स्थिति में परिवर्तित (बदलाव) नहीं किया जावेगा।
12. किसी भी आवेदक को प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।

## F. फीस संरचना (Fees Structure ):–

सत्र 2023–24 हेतु शुल्क का विवरण म.प्र. शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग के पत्र क्र. एफ / 5–14 / 18 / 1 / 55 / चि.शि. भोपाल दिनाकं 24 मई 2018 के की कंडिका 2 के परिपालन में रजिस्ट्रार म.प्र. सह–चिकित्सीय परिषद् के पत्र क्र. F–26 / कॉलेज–2020–2021 / 3015 / 2020 भोपाल दिनांक 16–10–2020 के अनुसार सत्र 2023–24 हेतु देय शुल्क का विवरण :–

| क्र. | शुल्क का विवरण | स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम | दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु | एकवर्षीय प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षण शुल्क | रू. 80,020 / – | रू. 51,460 / – | रू. 37,160 / – |
| 2. | सुरक्षा निधि (वापसी योग्य) ⫼ | रू. 5,000 / – | रू. 5,000 / – | रू. 5,000 / – |
| 3. | विकास शुल्क | रू. 4,000 / – | रू. 4,000 / – | रू. 4,000 / – |
| **प्रवेश के समय प्रथम वर्ष हेतु कुल शुल्क राशि रु.** | | रू. 89,020 / – | रू. 60,460 / – | रू. 46,160 / – |
| **द्वितीय वर्ष एवं आगामी कक्षा हेतु कुल शुल्क राशि रु.** | | रू. 84,020 / – | रू. 55,460 / – | –– |

नोटः ⫼. सुरक्षा निधि राशी रु. 5000 / – प्रवेश के समय देय होगी, जोकि सफलतापूर्वक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के उपरातं अदेय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर छात्र को वापस लौटा दी जावेगी। अपूर्ण पाठ्यक्रम छोड़ने पर अथवा अन्यथा की स्थिति में सुरक्षा निधि राजसात कर ली जावेगी।

– शासकीय कर्मचारी आवेदकों को भी अन्य छात्रों की तरह प्रवेश के समय एवं समय–समय पर लागू समस्त शुल्क देय होंगे – राज्य शासन के निर्देशानुसार उपरोक्त शुल्क में प्रतिवर्ष राशी रु. 7.4 % की स्वतः बढोत्तरी होगी।

– छात्र के पाठ्यक्रम में अनुत्तीर्ण होने पर नियमानुसार लागू होने वाले समस्त शुल्क देय होंगे।

❖ पाठ्यक्रम शुल्क– आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को आदिम जाति कल्याण विभाग, म.प्र. शासन के परिपत्र (क्र. / पोमेछा / परिपत्र / 2004–05 / 3726 दि. 20.07.2004 एवं कलेक्टर इंदौर कायार्लय कलेक्टर आदिम जाति कल्याण विभाग इंदौर के पत्र क्रमांक / पोमेछा / परिपत्र / 2012–13 / 3660 इंदौर दिनांक 02–07–2012 के अनुसार फीस में रियायत एवं छात्रवृत्ति देय होगी। इस हेतु उन्हें वर्तमान वर्ष का अपने माता / पिता / पालक का सयुंक्त आय प्रमाण पत्र एवं आरक्षित श्रेणी का प्रमाण–पत्र, छात्रवृत्ति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति फॉर्म के साथ संलग्न करना होगी एवं काउंसलिंग के समय मूल प्रतिलिपि में प्रस्तुत करना होगी।

**शुल्क से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु :–**

1. समस्त श्रेणी के आवेदकों को स्नातक, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम का निर्धारित प्रथम वर्ष का शुल्क काउसंलिंग के समय अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। पाठ्यक्रम की निर्धारित शुल्क एक मुश्त नगद / डीडी / बैंकर्स चेक के माध्यम से पाठ्यक्रम चयन के समय (काउंसलिंग के दौरान) संस्था के बैंक खाते 39938620715 (MAHSI), भारतीय स्टेट बैंक, एमवाय.एच. परिसर शाखा के बैंक खाता में जमा कराना होगा। निर्धारित शुल्क एवं आवश्यक दस्तावेज जमा करवाने के उपरांत ही पाठ्यक्रम में प्रवेश सुनिश्चित होगा।
2. <u>सीट लीविंग बांड</u> :– डिग्री / डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले आवेदकों को संस्था MAHSI अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर के नाम बी.पी.टी. एवं बी.ओ.टी. पाठ्यक्रम हेतु रु. 275000 / – बी. एक्सआर.टी, बी.एम.एल.टी., पाठ्यक्रम हेतु रू. 175000 / – एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमो हेतु रू. 75000 / – का बॉड रू. 500 के स्टाम्प पर निष्पादित कर प्रवेश प्रक्रिया के दौरान जमा करवाना अनिवार्य है।

3. संस्था में समस्त पाठ्यक्रम स्व–वित्तीय आधार पर संचालित है, अतः समस्त श्रेणी के आवेदकों/इन–सर्विस केंडिडेट्स को निर्धारित समस्त शिक्षण और अन्य शुल्कों का भुगतान प्रवेश के समय एवं तत्पश्चात निर्धारित तिथियों पर करना होगा, संस्था में जमा किये गए शुल्क वापिस नहीं किये जावेंगे।

4. आरक्षित श्रेणीः– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र छात्र, आदिवासी कल्याण विभाग/अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, मप्र राज्य सरकार को शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए निर्दिष्ट वेबसाइट पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। नियमानुसार छात्रवृत्ति एवं शिक्षण तथा अन्य शुल्क की प्रतिपूर्ति उम्मीदवार के बैंक खाते में जमा की जावेगी। उक्त आवेदक का भारतीय स्टेट बैंक शाखा में बैंक खाता होना अनिवार्य है।

5 छात्रों को अगले शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले / समय–समय पर जारी नोटिसों में उल्लेखित/निर्धारित तिथियों के अनुसार शिक्षण और अन्य शुल्क का भुगतान करना होगा। यदि छात्र निर्धारित समय में कॉलेज की फीस जमा करने में विफल रहते हैं, तो विलम्ब शुल्क रू. 20/– प्रति दिवस के हिसाब से देय होगा।

6. यदि विद्यार्थी को खराब आचरण, गैर– कानूनी/असामाजिक गतिविधियों ,नियमो के उलंघन एवं अन्य किसी कारणवश संस्था से निष्काषित किया जाता है अथवा विद्यार्थी निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण किये बिना छोड़ता है, तो संस्था में जमा किये गए किसी भी प्रकार के शुल्क वापिस नहीं किये जावेंगे एवं निर्धारित सीट लीविंग बांड राशि का भुगतान करना होगा।

7. संस्था द्वारा कंप्यूटर, स्टेशनरी, खेलकूद, पत्र–पत्रिकाएं आदि के लिए शुल्क लागू किए जा सकते हैं जोकि छात्र द्वारा देय होंगे।

8. छात्र के किसी भी शैक्षणिक सत्र में अनुत्तीर्ण होने पर पूरक/सप्लीमेंटरी परीक्षा में सम्मिलित होना होगा एवं विश्वविद्यालय को निर्धारित शुल्क जमा करवाने होंगे। छात्र के अनत्तीर्ण होने के कारण पाठ्यक्रम कि अवधि निर्धारित अवधि से अधिक हो जाने पर छात्र को परीक्षा शुल्क सहित विस्तारित अवधि के लिये निर्धारित शुल्कों का भुगतान करना होगा।

**G. प्रवेश निरस्तीकरण नियम/प्रक्रियाः –**

1. यदि यह पाया जाता है कि किसी भी उम्मीदवार ने तथ्यों को छिपाकर/गलत दस्तावेज/गलत अधूरी जानकारी के आधार पर संस्था में प्रवेश प्राप्त किया है अथवा त्रुटिवश आवेदक को प्रवेश दे दिया गया है , ऐसी स्थिति में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अथवा अध्ययन अवधि के दौरान बिना किसी भी पूर्व सूचना के प्रवेश निरस्त किया जा सकेगा। उक्त सम्वन्ध में संस्था प्रमुख का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

2. प्रवेश दिवस के 15 दिनों के भीतर विद्यार्थी को सम्बन्धित विभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी होगी अन्यथा उसका प्रवेश निरस्त किया जा सकेगा। किन्ही अपरिहार्य कारणों से पाठ्यक्रम में निर्धारित तिथि तक उपस्थित न होने कि स्थिति में संबंधित अधिकारी के माध्यम से उचित आवेदन प्रस्तुत करना होगा अन्यथा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जावेगा।

3. यदि विद्यार्थी अनाधिकृत रूप से बिना किसी सूचना के लगातार 07 दिनों तक अनुपस्थित रहता है, तो उसका प्रवेश स्वतः रद्द माना जाएगा। अनुपस्थिति की इस अवधि को विद्यार्थी के किसी भी अवकाश से समायोजित नहीं किया जाएगा।

4. कोई भी छात्र किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों में भाग लेता है, संस्थान परिसर के अंदर या बाहर किसी भी प्रकार के कदाचार में भाग लेता है, अनाधिकृत/अस्वीकृत गैर–शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेता है, संकाय सदस्य, विघार्थी , मरीज एवं परिजनों के साथ दुर्व्यवहार रैगिंग आदि में संलिप्त पाए जाने पर संस्था प्रमुख के पास अधिकार है की छात्र–छात्रा के अनुचित व्यवहार के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए संस्था से निष्कासन/प्रवेश निरस्त कर सकते है उक्त आशय का आवेदक एवं अभिभावकों द्वारा संयुक्त वचन पत्र प्रवेश के दौरान प्रस्ततु करना होगा।

5. **आवेदक/विद्यार्थी द्वारा प्रवेश निरस्तीकरण :–** यदि आवेदक/विद्यार्थी काउन्सलिंग प्रक्रिया में सम्मलित होकर निर्धारित शुल्क एवं मूल दस्तावेज जमा करवाने के उपरांत/ पाठ्यक्रम में अध्ययन के दौरान अपना प्रवेश निरस्त करवाना चाहता है, तो उक्त संबंध में निर्धारित सीट लीविंग बांड कि राशि नगद/डीडी/बैंकर्स चेक के माध्यम से संस्था के बैंक खाते 39938620715 (MAHSI), भारतीय स्टेट बैंक, एम.वाय.एच. परिसर शाखा के बैंक खाता में जमा करवाया जाकर शुल्क कि रसीद कि मूल प्रति के साथ मय शपथ पत्र के प्रवेश निरस्तीकरण हेतु अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी , महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर को प्राचार्य, MAHSI के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करना होगा। अधिष्ठाता महोदय के अनमोदन उपरातं ही सम्वन्धित का प्रवेश निरस्त कर संस्था में प्रवेश के दौरान जमा किये गए मूल दस्ताबेज सम्वन्धित/अधिकृत व्यक्ति को लोटाये जावेंगे।

**H. दस्तावेजों का सत्यापन :–**

प्रवेश के दौरान विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्ताबेजों के सत्यापन कि यदि आवश्यकता होती है तो सम्वन्धित जारीकर्ता विभाग / अधिकारी को प्रेषित कर दस्ताबेजों का सत्यापन करवाया जावेगा , उक्त सत्यापन में व्यय होने वाली राशि विद्यार्थी द्वारा वहन कि जावेगी।

1. छात्रावास सुविधाः – छात्रावास सुविधा केवल कन्या छात्राओं के लिए ही उपलब्ध है, वर्तमान में मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल परिसर में नवनिमिर्त 312 बिस्तरीय MAHSI कन्या छात्रावास में प्रवेशित छात्राओं के आवास की सुविधा देय पृथक से हॉस्टल शुल्क राशी रु. 20000/– प्रति वर्ष के भुगतान (भोजन/ मेस शुल्क व्यवस्था अतिरिक्त देय ) पर उपलब्ध है । छात्रावास की सुविधा गर्ल्स हॉस्टल में सीटों की उपलब्धता के आधार पर संस्थान द्वारा निर्धारित शुल्क के भगुतान पर उपलब्ध होगी ।

**J. विद्यार्थियों के लिये शैक्षणिक नियम एवं आचरण संहिता :–**

1. संस्था की गरिमा बनाये रखने हेतु समस्त विद्यार्थियों से अनुसाशन, उपयुक्त व्यवहार की अपेक्षा की जाती है, अतः अनुशासित रहकर संस्था के नियमो का पालन करना अनिवार्य है।

2.विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय,जबलपुर/मध्यप्रदेश सह–चिकित्सीय परिषद्, भोपाल/महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं स्वशाषी संस्था–इंदौर/MAHSI द्वारा जारी समस्त नियम–नियमाकुल, पत्र–परिपत्र एवं दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

3. विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के दौरान समस्त सैद्धांतिक (थ्योरी), प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) एवं क्लीनिकल पोस्टिंग्स में निर्धारित उपस्थिति अनिवार्य है, सैद्धांतिक (थ्योरी) कक्षाओं में 75% एवं प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) कक्षाओं में 85% उपस्थिति अनिवार्य है, इसमें सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाओं की उपस्थिति की गणना पृथक–पृथक की जावेगी। निर्धारित उपस्थिति के अभाव में विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओ में सम्मलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी, जिससे उसकी पाठ्यक्रम अवधि बढ़ जावेगी। आरक्षित श्रेणी के विद्यार्थियों हेतु सम्वन्धित विभागों द्वारा जारी निर्देशानुसार छात्रवृति एवं शुल्क–प्रतिपूर्ति हेतु सम्वन्धित विद्यार्थियों का आवेदन अग्रेषित नहीं किया जा सकेगा।

3.विद्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय,जबलपुर द्वारा जारी निर्धारित उपस्थिति के सम्वन्ध में ''<u>जीरो टॉलरेंस नीति</u> '' का पालन करना होगा,उक्तानुसार यदि विद्यार्थी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहता है तो उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया जावेगा। अनाधिकृत अनुपस्थिति की पुनरावृत्ति पर अभिभावकों को सूचित किया जावेगा, तदोउपरांत भी विद्यार्थी द्वारा अनाधिकृत अनुपस्थिति की पुनरावृत्ति की जाती है तो संबंधित विद्यार्थी को संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जानेवाली परीक्षा से वंचित किया जा सकेगा एवं संबंधित का नामांकन रद्द करने हेतु विश्वविद्यालय को सूचित किया जावेगा।

4.छात्र को अध्ययन के दौरान अस्पताल, क्लिनिक या व्यक्तिगत परामर्श में किसी भी प्रकार की निजी प्रैक्टिस में शामिल नहीं होना चाहिए, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और नामांकन रद्द करने के साथ–साथ संस्था से निष्कासन भी किया जाएगा।

5. अधिष्ठाता/प्राचार्य द्वारा निर्धारित उपस्थिति से 5% तक कम उपस्थिति होने की दशा में परीक्षाओ में सम्मलित होने हेतु उपयुक्त एवं संतोषजनक कारण होने पर ही परीक्षा में सम्मलित करने हेतु अनुशंसा की जा सकेगी।

6. समय–समय पर विद्यार्थी एवं अभिभावक , विद्यार्थी की उपस्थिति एवं अध्ययन के सम्वन्ध में अवलोकन करते रहे।

7.कक्षा/लैब/विभाग एवं संस्था में डिग्री (बीपीटी,बीओटी) पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को सफेद एवं अन्य डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को नीला एप्रेन (लैब कोट) पहनना अनिवार्य होगा। समस्त छात्रो को संस्था परिक्षेत्र में निर्धारित एप्रन मय नाम पट्टिका एवं संस्था द्वारा प्रदत पहचान पत्र/आयडेंटिटी कार्ड पहनकर ही प्रवेश करना होगा अन्यथा संबधित छात्र से प्रति दिवस रू 50/– अर्थदंड वसूल किया जावेगा।

8. संस्था में किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश के उपरांत किसी भी कारण से किसी अन्य महाविघालय/विश्वविघालय में स्थानांतरण प्रदान नहीं किया जावेगा। इसी प्रकार अन्य महाविघालय/विश्वविघालय के छात्र को स्थानांतरण द्वारा संस्था में प्रवेश पात्रता नहीं होगी।

9.फिजियोथेरेपी एवं ऑक्यूपेशनल थेरपी पाठ्यक्रमों में पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के उपरांत 06 माह की अनिवार्य इंटर्नशिप महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर से सम्वद्ध चिकित्सालयों में पूर्ण करनी होगी, तदोपरांत इंटर्नशिप प्रमाण–पत्र जारी होने पर ही सम्वन्धित विद्यार्थी को मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय,जबलपुर (म.प्र.) द्वारा डिग्री प्रदान की जावेगी।

10. BXRT, BMLT एवं विभिन्न डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर से सम्वद्ध चिकित्सालयों में 03 माह की क्लीनिकल पोस्टिंग (क्लीनिकल कार्य) पूर्ण करना अनिवार्य है।

11. डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को सफलतापूर्वक निर्धारित पाठ्यक्रम एवं इंटर्नशिप/क्लीनिकल पोस्टिंग पूर्ण करने के उपरांत ही सम्वन्धित को मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ,जबलपुर द्वारा डिग्री/ डिप्लोमा प्रदान किये जावेंगे। सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को निर्धारित पाठ्यक्रम एवं क्लीनिकल पोस्टिंग पूर्ण करने पर मध्यप्रदेश सह–चिकित्सीय परिषद् ,भोपाल द्वारा सम्वन्धित पाठ्यक्रम का सर्टिफिकेट जारी किया जावेग।

12.पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत विद्यार्थी एवं सेवारत् नियमित शासकीय कर्मचारी को एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मध्यप्रदेश सह–चिकित्सीय परिषद् ,भोपाल में पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) करवाना अनिवार्य है।

**सूचनाः – प्रवेश नियम–प्रक्रिया में संशोधन के सभी अधिकार संस्था के पास सुरक्षित हैं, भविष्य में किए जाने वाले परिवर्तन आवेदक छात्र पर लागू होंगे। समस्त न्यायालयीन प्रकरणों में न्याय एवं परिवाद परिक्षेत्र इंदौर होगा।**

**काउन्सलिंग :–** काउसिलिंग निधारिंत तिथियों पर जिनकी घोषणा संस्था की वेबसाइट पर की जावेगी तिथियों पर प्रातः 09.00 बजे से निम्नानुसार क्रम में प्रावीण्य सूची एवं सीटों की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश हेतु आयोजित की जावेगी। काउसिलिंग का क्रम निम्नानुसार होगा :–

1.सेवारत् नियमित शासकीय कर्मचारी श्रेणी

2.अनुसूचित जनजाति

3. अनुसूचित जाति

4.अन्य पिछड़ा वर्ग

5. अनारक्षित, EWS आरक्षित वर्ग एवं शेष रिक्त सीटों पर

नोट : 1. उपरोक्त श्रेणियों में उपयुक्त आवेदक उपलब्ध नहीं होने पर रिक्त सीट की पूर्ति म.प्र. शासन के प्रवेश नियम अनुसार की जावेगी। आरक्षित श्रेणियों (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग) में उपयुक्त आवेदक उपलब्ध नहीं होने पर सीटों की पूर्ति अनारक्षित वर्ग से की जा सकेगी।

2. मिलिट्री पर्सन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रेणी के आवेदक उपलब्ध नहीं होने पर उक्त सीटों की पूर्ति जिस श्रेणी से उक्त सीटे आवंटित है उसी श्रेणी के आवेदको को प्रवेश दिया जा सकेगा।

5. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रथम चरण में यदि कोई सीट रिक्त रहती है तो द्वितीय चरण की काउसलिग हेतु मेरिट सूची वेबसाइट पर प्रसारित की जावेगी एवं संस्था के नोटिस बोर्ड पर प्रसारित की जावेगी।

एम.जी.एम.अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट, (MAHSI)
शासकीय महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय,
(स्वशासी संस्था),ए.बी.रोड़, इन्दौर ४५२००१ (म.प्र.)

# शपथ पत्र

(प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्र एवं अभिभावक द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर द्वारा प्रस्तुत किया जाना है)

मै.......................................................... पिता............................................................निवासी........ ........................................................................................ संस्था एम.जी.एम. अलाइड हेल्थ साइसेंस इंस्टीट्यूट ;ड।भ्ैद्ध शासकीय महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था),ए.बी.रोड़, इन्दौर में सत्र 2023–24 में पाठ्यक्रम में प्रवेश ले रहा /रही हूं एवं शपथ पूर्वक कथन करता/ करती हूं कि : –

1. मै महाविद्यालय के सभी नियमों एवं निर्देशों का पालन करूंगा/करूंगी। मैं मध्यप्रदेश सह चिकित्सा परिषद् भोपाल एवं मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में नामांकन शुल्क जमा करवाकर नामांकन करवाऊंगा/करवाउंगी एवं नामांकन शुल्क जमा करवाने एवं मूल दस्तावेज जमा करवाने के आभाव में नामांकन नहीं हो पाता है तो संस्था पर उक्त सम्बन्ध में कोई दावा/क्लेम नहीं किया जा सकेगा।
2. मै मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर की जीरो टोलरेंस पॉलिसी का सख्ती से पालन करूंगा / करूंगी। इस पॉलिसी के अनुसार मेरी उपस्थिति थ्योरी क्लासेस में 75 प्रतिशत और प्रायोगिक कक्षाओं में 85 प्रतिशत होनी चाहिए। निर्धारित उपस्थिति के आभाव में संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा में सम्मलित नहीं किया जा सकेगा एवं यदि लागू हो तो मध्यप्रदेश राज्य शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओ के लाभ से वंचित किया जा सकेगा जिसका संस्था/संबंधित विभाग पर किसी प्रकार का दावा/ क्लेम स्वीकार्य नहीं होगा।
3. रैगिंग या रैगिंग संबंधित मामलो में संलिप्त पाए जाने पर संस्था द्वारा अनुशंसनात्मक कार्यवाही कर संस्था से निष्काशन एवं पुलिस विभाग में रिपोर्ट दर्ज करायी जा सकेगी।
4. म.प्र. राज्य शासन, म.प्र. सह चिकित्सा परिषद् भोपाल, म.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर, महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय स्वशासी एवं संस्था MAHSI के समस्त नियम, नियमकूल एवं दिशा निर्देशों का पालन करने का वचन देते है।
5. शासन, संस्था एवं विश्वविद्यालय द्वारा लागू समस्त शुल्कों का भुगतान नियमित रूप से निर्धारित समय अवधि में किया जावेगा किसी भी प्रकार के विलम्ब की दशा में लागू दंड हमारे द्वारा देय होंगे।
6. छात्र अध्ययन के दौरान किसी भी असामाजिक, अवांछनीय, अनाधिकृत, गैर शैक्षणिक गतिविधि या गुंडागर्दी में भाग नहीं लेंगे, यदि ऐसी गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं तो प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा और संस्थान से निष्कासन के साथ–साथ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।
7. छात्र सभी नियमों और विनियमों का पालन करेंगे और संस्था के अनुशासन–शिष्टाचार को बनाए रखेंगे, हमेशा शिक्षकों, रोगियों, साथी छात्रों का सम्मान करेंगे और किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि , दुर्व्यवहार में शामिल नहीं होंगे अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

| | | |
|---|---|---|
| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
| छात्र का नाम–––––––––––––– | अभिभावक का नाम–––––––––– | गवाह का नाम––––––––––– |
| पाठ्यक्रम का नाम––––––––––– | पता––––––––––––––––– | पता–––––––––––––––– |
| दिनांक––––––––––––––––– | मोबाइल न.–––––––––––––– | मोबाइल न.––––––––––––– |

# एम.जी.एम.अलाइड हेल्थ साइसेंस इंस्टीट्यूट, (MAHSI)

**शासकीय महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय,**

**(स्वशासी संस्था),ए.बी.रोड़, इन्दौर ४५२००१ (म.प्र.)**


## फिजियोथरेपी एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सत्र : 2023–24
## अभिभावकों की आय का संयुक्त घोषणा–पत्र

(अनसुचित जाती/अनुसूचित जनजाति वं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्रा के अभिभावकों द्वारा अनिवार्य रूप से भरा जावे )

मैं ..........................................................................................शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरा व्यवसाय ......................................................................................................है, तथा मेरी वार्षिक आय रु. ....................................(शब्दो में रु. ............................................................................................................ ............................) प्रतिवर्ष है। मेरी पत्नी श्रीमती ......................................................................................... का व्यवसाय ........................................................ है एवं वार्षिक आय रु. ...................................... (शव्दो में रु. ................................................................................ ) है।

हमारे परिवार कि कुल बार्षिक आय रु .......................................शव्दो में रु. .................................................. ......................................................................है।

अथवा

☐ मेरी पत्नी गृहणी है एवं उनकी कोई अतिरिक्त आय नही है।

☐ दोनों कि बार्षिक आय का सक्षम अधिकारी / नियोक्ता द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न है।

☐ हम यह भी घोषणा करते है कि उपर्युक्त आय बाबत प्रमाण पत्र त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर हमारे पुत्र /पुत्री ...................................................... का प्रवेश निरस्त करने का संस्था को पूर्ण अधिकार होगा।

– यदि उक्त त्रुटिपूर्ण आय प्रमाण–पत्र के आधार पर हमारे पुत्र /पुत्री ने शिक्षण शुल्क / स्कालरशिप / रियायत प्राप्त कि होगी तो उक्त शिक्षण एवं अन्य शुल्क / स्कालरशिप राशि का भुगतान संस्था को हमारे द्वारा किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| पिता के हस्ताक्षर ............................ | माता के हस्ताक्षर ........................... |
| पूर्ण नाम ............................................ | पूर्ण नाम ............................................ |

जो लागु ना हो, उसे काट देंवे।

# एम.जी.एम.अलाइड हेल्थ साइसेंस इंस्टीट्यूट, (MAHSI)

## शासकीय महात्मा गॉंधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय,

## (स्वशासी संस्था),ए.बी.रोड़, इन्दौर ४५२००१ (म.प्र.)

## सेवारत अभ्यर्थी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वीकृती प्रमाण–पत्र

1. श्री / श्रीमती..........................................................................................पद..........................................................
नियुक्ति की दिनांक ................................ विभाग का नाम ................................................ ............................
को पैरामेडिकल ........................................................................................................................पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सहमति दी जाती है।

3. उक्त कर्मचारी को पैरामेडिकल पाठ्यक्रम प्रवेश विवरणीका के दिशा–निर्देशों का अवलोकन करने के पश्चात सहमति प्रदान करता / करती हूँ।

जारीकर्ता सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एवं
पद–मुद्रा
(अधिष्ठाता / संचालक / अधीक्षक
प्रमुख / मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी)
जारीकर्ता अधिकारी का नाम...................................
जारीकर्ता अधिकारी का मोबाइल नं ...................
चिकित्सालय / संस्था का नाम................................

**नोट** – उक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संबंधित कर्मचारी / विभाग के लिए किस प्रकार से लोकहित में उपयोगी है एवं कर्मचारी के द्वारा सम्पादित किये जानेवाले शासकीय कार्यो में किस तरह उपयोगी है इसका प्रमाण–पत्र संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी (अधिष्ठाता / संचालक / अधीक्षक, प्रमुख / मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) उक्त कर्मचारी को पैरामेडिकल पाठ्यक्रम प्रवेश विवरणीका के दिशा–निर्देशों का अवलोकन करने के पश्चात अनुमति / स्वीकृति प्रदान करेंगे।

# एम.जी.एम.अलाइड हेल्थ साइसेंस इंस्टीट्यूट, (MAHSI)
## शासकीय महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय,
## (स्वशासी संस्था),ए.बी.रोड़, इन्दौर ४५२००१ (म.प्र.)
## पैरामेडिकल डिग्री / डिप्लोमा / प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र वर्ष 2023–24

| कार्यालयीन उपयोग हेतु | |
|---|---|
| आवेदन क्रमांक .............. | आवेदन फीस रूपये ......................... प्राप्त हुई |
| दिनांक.......................... | रसीद क्र. ................................................ |

आवेदक का स्वप्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ

आवेदन शुल्कः– राशि रू. 800 / – सामान्य वर्ग एवं रू. 500 / – आरक्षित वर्ग (ST,SC,OBC) आवेदक को संस्था में जमा करवा कर रसीद की मूल प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा प्रस्ततु आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।

नोटः– (1). उक्त आवेदन से मेरिट लिस्ट के आधार पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में काउन्सलिंग प्रक्रिया द्वारा प्रवेश लिया जा सकेगा। भिन्न–भिन्न पाठ्यक्रमों हेतु पृथक आवेदन प्रस्ततु करने की आवश्यकता नहीं है। (2). काउंसलिंग द्वारा प्रवेश प्रक्रिया के दौरान समस्त मूल दस्तावेजों के साथ, दस्तावेजों की 01 सेट फोटोकॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी सी.डी.में जमा करवानी होगी। (संबंधित पर √ का निशांन लगाये)

1–आवेदक का पूरा नाम (अंग्रेजी के केपीटल अक्षरों मे)........................................................2–लिंगः महिला ☐ पुरूष ☐

3–जन्मस्थान————————जिला——————————राज्य—————————राष्ट्रीयता—————

4–जन्म तिथिः——————————  5–दिनांक 21–12–2023 को आयु..........वर्ष.........माह........दिन..........

6– वर्गः UR☐ST☐ SC☐ OBC☐  7–Sub-category: PwD ☐ FF ☐MP☐ EWS☐ IS☐

श्रेणी (Category):– अनारक्षित (UR), अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), स्वतत्रंता सेनानी Freedom Fighter), दिव्यांग (PwD),सैनिक (Military Personnal),ई.डब्ल्यू.एस. (EWS) इन सर्विस आवेदक (IS)

8–मोबा.नं————————————————9:ई–मेल——————————————————

10.आधार नं———————————————11.समग्र आई.डी नं——————————————

12.परिवार की समग्र आई.डी नं————————————————

13.पिता / पति का नाम——————————————14.माता का नाम ——————————

15.पिता का व्यवसाय—————————————माता का व्यवसाय ————————————

पति / पत्नी का व्यवसाय ——————— एवं परिवार की सम्पूर्ण वार्षीक आय रु. ————————————

16. म.प्र. का मूल निवासी; है ☐नहीं ☐ यदि नही तो मूल निवासी राज्य ——————————————

17. डिजिटल जाति प्रमाण पत्र नम्बर (यदि लागू हो तो ) ————————————————————

18. स्थायी पूर्ण पताः——————————————————————————————————

————————————————————————————————————————————

19. अभिभावक का पूरा नाम एवं पता ————————————————————————————

———————————————————————— मोबाईल नं————————————————

17. शैक्षणिक योग्यताः–

| परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | वर्ष | विषय | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हायर सेकेण्डरी 10+2 | | | जीवविज्ञान Biology | | | |
| | | | रसायनशास्त्र Chemistry | | | |
| | | | भौतिकशास्त्र Physics | | | |
| | | | कुल अंक **(PCB)** | | | |
| | | | कुल प्राप्तांक (समस्त विषय) | | | |

18. .निम्नांकित दस्तावेजों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करेंः–

| क्र. | दस्तावेजों का विवरण | सत्यापन | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अभ्यर्थी द्वारा | स्क्रूटिनी द्वारा | प्रवेश समिति द्वारा (मूल दस्तावेज) | टिप्पणी |
| 1. | आवेदन शुल्क (रसीद की मूल प्रति) | | | | |
| 2. | कक्षा 10 वीं की अंकसूची | | | | |
| 3. | कक्षा 12 वीं की अंकसूची | | | | |
| 4. | स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र (टीसी) | | | | |
| 5. | माइग्रेशन प्रमाण पत्र (बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी) | | | | |
| 6. | आधार कार्ड | | | | |
| 7. | जन्म प्रमाण–पत्र | | | | |
| 8. | मूल निवासी प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी/स्व–घोषित) | | | | |
| 9. | मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट | | | | |
| 10. | Hepatitis-B Vaccination सर्टिफिकेट | | | | |
| 11. | समग्र आय.डी. | | | | |
| 12. | जाति प्रमाण–पत्र आरक्षित वर्ग के लिए (जिला अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी) | | | | |
| 13. | वर्तमान वित्तीय वर्ष का आय प्रमाण–पत्र आरक्षित वर्ग के लिए (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी) | | | | |
| 14. | यदि लागू हो तो – दिव्यांगता प्रमाण पत्र/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण पत्र (जिला कलेक्टर द्वारा जारी)/ सैनिक का प्रमाणपत्र/ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र | | | | |
| 15. | गेप सर्टिफिकेट (यदि वर्ष 2023 से पहले 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण की है) | | | | |

नोटः सेवारत नियमित शासकीय कर्मचारी को आवेदन–पत्र के साथ निम्न दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

1. नियमित सेवानियुक्ति आदेश 2. कार्यभार ग्रहण करने का पत्र (ज्वाईनिंग प्रमाण–पत्र) 3. नियमितीकरण संबंधि आदेश

**आवेदन संबंधी घोषणा**

मैं आवेदक / आवेदिका विधिवत घोषणा करता/ करती हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित समस्त जानकारी सत्य एवं सही है

1. इस आवेदन पत्र में मेरे द्वारा प्रस्ततु कि गई समस्त जानकारीयाँ सही एवं सत्य है।
2. मैं वचन देता /देती हूँ कि यदि संस्था में मुझे प्रवेश मिलता है तो मैं पूर्ण रूप से संस्था में वर्तमान में प्रचलित नियमों एवं दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करूँगा/करूँगी और भविष्य में यदि इन नियमो एवं दिशा निर्देशों में परिवर्तन किया जाता है तो उसके पालन के लिए भी वचनबद्ध हूँ।
3. मैं शपथ पूर्वक यह भी कथन करता / करती हूँ कि संस्था एवं संस्था के बाहर ऐसी किसी भी प्रकार कि असामाजिक गतिविधियो में सम्मिलित नहीं रहूँगा/रहूँगी जिससे संस्था कि साख व प्रतिष्ठा पर कोई आँच आए।
4. प्रवेश के समय मेरे द्वारा दी गई जानकारियाँ गलत या असत्य पाई जाती है तो संस्था को यह पूर्ण रूप से अधिकार होगा कि मेरा प्रवेश तुरन्त निरस्त कर दे । मेरे प्रवेश निरस्तीकरण पर मेरे द्वारा प्रवेश के समय जमा किया गया शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क राजसात करने का संस्था को पूर्ण अधिकार होगा ।
5. मेरे द्वारा संस्था के प्रवेश नियमों एवं दिशा निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया है एवं मैं सत्यापित करता/ करती हूँ कि मेरे द्वारा जमा किये गये शिक्षण शुल्क आदि की राशि (वापसी योग्य राशि को छोड़कर) वापसी का दावा किसी भी स्थितियों में प्रस्तुत नहीं करूँगा/करूँगी।

दिनांक————————————पिता/माता/पालक के हस्ताक्षर————————————आवेदक के हस्ताक्षर——————————

पिता/पति का नाम ——————————— आवेदक का नाम————————————

# एम.जी.एम.अलाइड हेल्थ साइसेंस इंस्टीट्यूट, (MAHSI)

शासकीय महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय,
(स्वशासी संस्था),ए.बी.रोड़, इन्दौर ४५२००१ (म.प्र.)

## पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र वर्ष 2023–24

Received admission application Form No…………..from (Name of applicant)…………………………..……on (Date)…………………………for admission in Allied Health Paramedical Degree/Diploma/Certificate Course for session 2023-24.

**Receiver's Signature & Name**

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

| क्र. | सूचना | तिथियां |
|---|---|---|
| 1. | नियम–निर्देशिका एवं आवेदन पत्र कॉलेज की वेबसाइट www.mahsimgm.in पर उपलब्ध होने की अवधि | 21–12–2023 से 22–01–2024 तक |
| 2. | संस्था की वेबसाइट www.mahsimgm.in पर ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से संस्था कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (अवधि सायं 4.00 बजे तक) | 22–01–2024 |
| 3. | प्रावीण्य सूची की घोषणा (वेबसाइट www.mahsimgm.in पर तथा संस्था के नोटिस बोर्ड पर) | 27–01–2024 |
| 4. | प्रकाशित प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) से संबंधित कोई त्रुटि हो तो लिखित रूप से संस्था कार्यालय अथवा ईमेल आई.डी. www.mahsimgm@gmail.com पर अवगत करवाने की तिथि | 29–01–2024 |
| 5. | प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रारंभ होने की तिथि (स्नातक/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स) | 02–02–2024 से 05–02–2024 |
| 6. | प्रवेशित पाठ्यक्रमों में संबंधित विभागों/चिकित्सालयों में नियमित कक्षाएँ प्रारंभ होने की तिथि | 12–02–2024 |